प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने नयी दिल्ली में आज बुलायी सर्वदलीय बैठक, राज्य के पांच जिलों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ नागरिक सुरक्षा अभ्यास।
2. राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज, नयी उत्पाद नीति पर लग सकती है मुहर, राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का भी हो सकता है फैसला।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा परिणाम पर रोक बरकार रखी, पेपर लीक मामले में सरकार से मांगी अद्यतन रिपोर्ट।
4. मौसम विभाग ने राज्य में आज से तापमान में बढ़ोतरी की जतायी संभावना, राज्य के कई हिस्सों में 10 मई से लू चलने पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी।

और

5. झारखंड राज्य सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता 10 और 11 मई को रांची में, विभिन्न जिलों के 300 से ज्यादा खिलाड़ी और तकनीकी पदाधिकारी लेंगे हिस्सा।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी जाएगी। पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है।

*****************

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच कल शाम राज्य के पांच जिलों में छह स्थानों पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रांची के डोरंडा इलाके में आयोजित मॉक ड्रील में आर्मी, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन, रांची पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने भाग लिया। उधर जमशेदपुर में औद्योगिक तथा शैक्षणिक संस्थानों के अलावा कई स्थानों पर मॉक ड्रील की गयी। जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि जिला प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

*****************

इस बीच प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान को पूरी तरह से सबक सिखाना जरुरी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि छोटी–छोटी उपलब्धियों पर पीठ थपथपाने के बजाय केन्द्र सरकार पाकिस्तान के साथ आर–पार की लड़ाई लड़े।

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि भारत सुरक्षित हाथों में है और विपक्ष को इसपर चिंता नहीं करनी चाहिए। श्री बाउरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तो एक ट्रेलर है, जरुरत पड़ेगी तो पूरी फिल्म भी दिखायी जायेगी।

*****************

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा कहा है कि भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। सरायकेला–खरसांवा जिले में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू कर रहे हैं।

*****************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज शाम चार बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में रांची के प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में नयी उत्पाद नीति को स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। इसके अलावा राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत बढ़ोतरी का भी फैसला लिया जा सकता है।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2024 में आयोजित जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर रोक बरकरार रखी है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस परीक्षा में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने सरकार को 18 जून तक अद्यतन जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिये।

*****************

गिरिडीह जिले की गांडेय थाना क्षेत्र से पुलिस ने सात अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये हैं।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य में आज से तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जतायी है। हालांकि रांची और आसपास के इलाकों में आज सुबह से ही बादल छाये हुए हैं लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि दिन चढ़ने के साथ ही तेज धूप से लोगों को परेशानी हो सकती है।

*****************

टाटा स्टील का स्पोर्ट्स डिविजन कल से समर कैंप का आयोजन करने जा रहा है।

*****************

झारखंड राज्य सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता 10 और 11 मई को रांची के नामकुम स्थित लॉन बॉल स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। झारखंड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के 300 से अधिक खिलाड़ी और तकनीकी पदाधिकारी भाग लेंगे।

*****************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग शीर्षकों से ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता की कहानी को प्रमुखता से जगह दी है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– 25 मिनट में 9 ठिकाने ध्वस्त, 70 आंतकी ढेर।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सायरन बजा, ब्लैकआउट, रांची ने सीखा–कैसे बचें।

हिन्दुस्तान लिखता है– भारतीय सेना जांबाज, रांची को उनपर नाज।

प्रभात खबर ने सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें सारंडा को 23 जुलाई तक अभ्यारण्य घोषित करने को कहा गया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*****समाप्त******